297787 - टी-शर्ट के लिए डिज़ाइन बनाने और उसे बेचने के लिए अमेज़न पर साझा करने का हुक्म

प्रश्न

मेरे पास अमेज़न वेबसाइट की सेवा (MERCH BY AMZON) अर्थात् "अमेज़ॅन द्वारा व्यापार" से लाभ के बारे में एक प्रश्न है। मैंने इस सेवा में मुफ्त में पंजीकरण किया था, जिसके लिए उन्होंने मुझसे मेरी व्यक्तिगत जानकारी और बैंक खाता माँगा। यह खाता एक यूरोपीय इलेक्ट्रॉनिक बैंक में है। उससे लाभ पाने का तरीक़ा यह है कि मैं उन्हें एक ग्राफिक डिज़ाइन, या एक तस्वीर, या केवल लेखन भेजता हूँ, जो ज़्यादातर अंग्रेजी भाषा में होता है, और यह डिज़ाइन एक टी-शर्ट पर रखा जाता है, जो छोटे बाज़ू वाले शर्ट्स होते हैं। उसके बाद मैं उन रंगों को निर्धारित करता हूँ जो उस शर्ट के लिए उपलब्ध होंगे, और उसपर एक विवरण लिखता हूँ और बिक्री मूल्य निर्धारित करता हूँ, और मुझे पहले से पता होता है कि बिक्री मूल्य से मेरा कितना लाभ होगा, उदाहरण के लिए बिक्री मूल्य 19 □□□□ □□, तो मेरा लाभ 5 □□□□ होगा, और 14 □□□□ लागत को कवर करने के लिए वेबसाइट का होगा। तथा मैं यह भी निर्धारित करता हूँ कि वह शर्ट किसको बेची जाएगी, पुरुषों को, या महिलाओं, या युवाओं, या उन सभी को? फिर वेबसाइट अपनी साइट के सर्फ़ करने वालों के लिए शर्ट की एक तस्वीर प्रदर्शित करती है, जिसमें उक्त विवरण का उल्लेख होता है। यदि किसी को मेरी शर्ट पसंद आ गई, तो वह साइट को उसकी क़ीमत चुकाता है। फिर वेबसाइट एक शर्ट पर मेरे डिजाइन को प्रिंट करती है। उसे तैयार करने और स्टोर करने, फिर उसे खरीदार को भेजने, और पसंद न आने पर उसे वापस करने के अधिकार की गारंटी देने का कार्यभार वही लोग संभालते हैं। और इस तरह चालू महीने का मुनाफा अगले महीने मेरे बैंक खाते में भेज दिया जाता है। मेरा प्रश्न यह है : क्या इस साइट से मेरी कमाई के तरीक़े में कोई ख़राबी है? अगर कोई महिला या युवती मेरी इस शर्ट को खरीदती है, जो कि छोटे बाज़ू की है, और मुझे नहीं पता कि वह इसे घर के बाहर पहनेगी या उसके अंदर, तो इसका क्या हुक्म है? क्या इसमें भी कोई समस्या है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

शर्ट पर जो भी ड्राइंग या राइटिंग प्रिंट की जाती है, उसकी डिज़ाइन बनाने में आपके लिए कोई हर्ज नहीं है, इस शर्त के साथ कि अगर शर्ट बिकती है, तो आपको उसकी क़ीमत का एक निर्धारित प्रतिशत मिलेगा, और अगर वह नहीं बिकती है, तो आपको कुछ नहीं मिलेगा।

यह साझेदारी के अध्याय से है, आप डिज़ाइन के साथ भाग लेते हैं और अमेज़ॅन शर्ट के साथ और उसे बाज़ार में बेचने के

साथ भाग लेता है। इसलिए यह शर्त लगाया जाएगा कि आपका हिस्सा क़ीमत का कुछ प्रतिशत हो, एक निर्धारित राशि न हो।

इब्ने क़ुदामा रहिमहुल्लाह ने कहा : “(और हिस्सेदारों में से किसी के लिए अतिरिक्त दिरहम (राशि) निर्धारित करना जायज़ नहीं है) इसका सारांश यह है कि जब भागीदारों में से किसी एक (भागीदार) का हिस्सा दिरहम की एक ज्ञात राशि निर्धारित कर दी गई, या उसके हिस्से के साथ कुछ दिरहम (अतिरिक्त राशि) भी निर्धारित कर दिया गा, उदाहरण के तौर पर वह अपने लिए एक हिस्सा और दस दिरहम (अतिरिक्त) की शर्त लगा ले, तो साझेदारी (कंपनी) अमान्य हो जाएगी।

इब्नुल-मुंज़िर ने कहा : जिन विद्वानों से हम ज्ञान संरक्षित करते हैं उनमें से सभी सर्वसहमति के साथ क़िराज़ [यानी मुज़ारबत] के अमान्य होने पर एकमत हैं, यदि उनमें से एक या दोनों अपने लिए कुछ ज्ञात दिरहम (राशि) की शर्त लगाते हैं।” “अल-मुग़नी” (5/28) से उद्धरण समाप्त हुआ।

यदि शर्ट की क़ीमत, जिस पर वह वास्तव में बेची जाती है, निर्धारित है, जैसे कि वह 20 (रूपया) है और आप अपने लिए 5 (रूपया) निर्धारित करते हैं, तो इसमें भी कोई आपत्ति की बात नहीं है, और यह उल्लिखित प्रतिशत (अनुपात) के अर्थ में है।

वर्जित यह है कि : दो भागीदारों में से कोई एक अपने लिए कुछ निर्धारित दिरहम (राशि) की शर्त लगाए, हालाँकि वह नहीं जानता कि वह सामान कितने में बेचा जाएगा, या संभव है कि वह सामान वास्तव में निर्दिष्ट क़ीमत पर न बेचा जाए।

लेकिन अगर समझौता यह है कि आप डिज़ाइन के लिए मुआवज़ा लेंगे, चाहे शर्ट बेची जाए या नहीं, तो यह डिज़ाइन का बेचना है और डिज़ाइन की क़ीमत उसे अमेज़न को बेचे जाने के समय ज्ञात होनी चाहिए, और फिर उसके बाद क्या होता है, इससे आपको कोई लेना-देना नहीं है। क्योंकि कंपनी को डिज़ाइन से लाभ भी हो सकता है और हो सकता है उसे लाभ न हो।

डिज़ाइन के द्वारा भाग लेने या उसे बेचने के लिए यह शर्त (आवश्यक) है कि :

वे चित्र (ग्राफिक) तथा लेखन (इबारत) अनुमेय हों, और यह कि उनका उपयोग पाप के लिए न किया जाए। इसलिए महिलाओं और लड़कियों की शर्ट से दूर रहना अनिवार्य है, क्योंकि वे अक्सर निषिद्ध श्रृंगार प्रदर्शन में उपयोग की जाती हैं।

यदि आप पुरुषों या लड़कों के लिए शर्ट डिज़ाइन करते हैं। फिर उसे कोई ऐसा व्यक्ति खरीदता है जो उसे श्रृंगार प्रदर्शन करने के लिए उपयोग करता है, तो आपपर कोई पाप नहीं है।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखने वाला है।